वर्ग में सहायक प्रबंधक (क्रय), श्री हरविन्दर सिंह, सहायक प्रबंधक (ऋण), श्री के० के० सिंह और सहायक प्रबंधक (किराना तथा प्रसाधन सामग्री) श्री एस० के० मंडल के तबादले किए गए थे और उन्हे क्रमश: किराना व प्रसाधन सामग्री प्रभाग, केन्द्रीय क्रय प्रभाग तथा ऋण प्रभाग मे तैनात किया गया है ।

(ङ) जी, नहीं ।

(च) ऊपर (ङ) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

सुपर बाजार की वार्षिक योजना हेतु स्वीकृत परिव्यय

1695. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन :** क्या **नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1994-95 के लिए सुपर बाजार की वार्षिक योजना हेतु स्वीकृत परिव्यय और वित्तीय प्रबंध संबंधी पैटर्न का ब्यौरा क्या है ;

(ख) वर्ष 1990-91, 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के दौरान सुपर बाजार ने अपनी किन-किन योजनाओ और विकास कार्यों पर स्वीकृत और आबंटित केंद्रीय राजस्व सहायता राशि वास्तव में खर्च की तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार ने उक्त वर्षो के दौरान आवंटित निधियों को उपयोग मे लाए जाने के संबध मे कोई आकलन कराया है ;

(घ) यदि हा, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) इस क्षेत्र में कौन-कौन सी महत्वपूर्ण योजनाएं और परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं ?

नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री० हंसराज भारद्वाज) : (क) सुपर बाजार के लिए वर्ष 1994-95 हेतु 20 लाख रुपए का अनुमोदित बजट प्रावधान है ।

(ख) सरकार द्वारा वर्ष 1990-91 से 1993-94 के दौरान सुपर बाजार को दी गई वित्तीय सहायता तथा सुपर बाजार द्वारा विभिन्न योजनाओं के लिए व्यय की गई राशि का ब्यौरा विवरण (नीचे देखिए) में दिया गया है ।

(ग) और (घ) सरकार द्वारा मंजूर की गई वित्तीय सहायता के संबंध में सुपर बाजार से उपयोग प्रमाण-पत्र, योजना अथवा परियोजना के लिए राशि का उपयोग करने के तुरत बाद प्राप्त किए जाते हैं । मंत्रालय में समय-समय पर सुपर बाजार द्वारा उपयोग की गई राशि की समीक्षा की जाती है ।

(ङ) सुपर बाजार द्वारा सरकार से प्राप्त वित्तीय सहायता से शुरु की गई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में भंडार की विभिन्न गतिविधियों का कम्प्यूटरीकरण करना; शाखाओं का नवीकरण तथा उनमे सुधार करना; नई शाखाए खोलना; जेनरेटर सेट संस्थापित करना और सुपुर्दगी वैनों की खरीद करना आदि शामिल है ।

विवरण

भंडार द्वारा प्राप्त वित्तीय सहायता/किए गए व्यय का (वर्षवार) ब्यौरा

(लाख रु० में)

विवरण	अंश पूंजी ऋण	ऋण	राजसहायता	योग	सुपर बाजार द्वारा किया गया व्यय
1990-91					
कम्प्यूटर/ब्राडमा एल्फा न्यूमेरिकल मशीन लगाकर लेखाओ/बिलिंग प्रणाली व वस्तु सूची नियंत्रण को मजबूत करने के लिए ।	—	9.00	3.00	12.00	12,65,375.00
—वही—	—	3.75	1.25	5.00	6,50,468.00
20 शाखाओं के नवीकरण/उनमे सुधार करने के लिए	—	7.50	2.50	10.00	10,00,582.00
सुपुर्दगी/मोबाइल वनें क्रय करने के लिए	—	3.75	1.25	5.00	5,15,402.00
अतिरिक्त अंश पूंजी ऋण	8.00	--	--	8.00	5,15,402.00 भंडार की व्यापारिक गतिविधियों के लिए उपयोग में लाई गई
	8.00	24.00	8.00	40.00	

विवरण	अंशी पूंजी ऋण	ऋण	राजसहायता	योग	सुपर बाजार द्वारा किया गया व्यय
1991-92					
अतिरिक्त अंश पूंजी	50.00	—	—	50.00	भंडार की व्यापारिक गतिविधियो के लिए उपयोग में लाई गई ।
एल्फा न्यूमेरिकल मशीन की खरीदारी	—	3.75	1.25	5.00	5,22,620.00
6 नई शाखाएं खोलना	3.25	00.56	1.63	5.44	29,05,000.00
बहु-विभागी भंडार पालम की स्थापना करना	6.75	1.69	1.12	9.56	31,23,919.90
पालम में पहली मंजिल के निर्माण के लिए	—	5.00	1.00	6.00	
	60.00	11.00	5.00	76.00	
1992-93					
10 नई शाखाएं खोलना	9.00	1.00	3.50	13.50	32,27,000.00
20 शाखाओं का नवीकरण करना	3.80	3.70	2.50	10.00	10,08,573.72
5 जेनरेटर सेट लगाना	—	8.00	2.00	10.00	10,16,096.00
सुपुर्दगी वैन की खरीदारी	—	3.30	—	3.30	3,32,233.80
	12.80	16.00	8.00	36.80	
1993-94					
25 शाखाओं का नवीकरण	8.00	2.00	3.20	13.20	—
2 जेनरेटर सेट लगाना	—	4.50	00.80	5.30	—
सुपुर्दगी वैन की खरीदारी	—	1.50	—	1.50	2,74,071.00
	8.00	8.00	4.00	20.00	

सुपर बाजार में स्थानांतरणों संबंधी नीति-नियम

1696. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल** : क्या **नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सुपर बाजार के महाप्रबंधक और प्रबंध समिति ने अपने कर्मचारियों के स्थानांतरण के संबंध में नीति-नियमों के लिए दिशानिर्देश जारी किये हैं;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि सुपर बाजार ने अपने कर्मचारियोंको उन शाखाओं मे नियुक्त करने का निर्णय लिया है, जो उनके निवास स्थलो से तीन से पांच किलोमीटर की दूरी पर हों;

(घ) यदि हां, तो क्या सुपर बाजार ने इस नियम का पालन किया है ,

(ङ) इस समय अपने आवासों से 10 से 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित शाखाओं में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है; और

(च) इस संबंध मे शाखावार और कर्मचारी-वार ब्यौरा क्या है ?

नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : (क) और (ख) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि कर्मचारियों का स्थानान्तरण उनके सेवा एवं आचरण नियमों द्वारा शासित होता है । कर्मचारियों का एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र मे या एक विभाग/शाखा से दूसरे विभाग/शाखा में स्थानान्तरण सेवा एवं आचरण नियमों के नियम 19 द्वारा शासित होता है । इसके अलावा, जिन प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का अनुसरण किया जा रहा है, उनके तहत किसी पद